सत्यमेव जयते

बिहार विधान परिषद्

186वां सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग – 4

वृहस्पतिवार, तिथि 02 भाद्र, 1939 (श.) / 24 अगस्त, 2017 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 08

1.	गृह (आरक्षी) विभाग	-	-	03
2.	योजना एवं विकास विभाग	-	-	01
3.	परिवहन विभाग	-	-	02
4.	जल संसाधन विभाग	-	-	02
			कुल योग –	08

अपराधियों को सजा

25. **श्री सुबोध कुमार** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले में विगत 20 दिनों से अपराधी बेलगाम हो गए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि दिनांक 28.07.2017 को वैशाली थाने के चौकीदार को ड्यूटी के दौरान तथा दिनांक 02.08.2017 को बिदुपुर थाने के रहिमापुर निवासी देशबंधु प्रसाद सिंह जो गांव में हरिओम सहयोग समिति के संचालक थे, की निमर्म हत्या कर दी गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाकर राज्य में अमन-चैन स्थापित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

अनुशंसा का प्रावधान

26. **डा. संजीव कुमार सिंह** : क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना संबंधी निर्देशिका में शिक्षण संस्थानों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर मोटर पम्प एवं वाटर प्यूरीफायर की अनुशंसा का प्रावधान नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो खंड 'क' में वर्णित प्रावधान को लागू करने हेतु मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से संबंधित निर्देशिका में सम्मिलित करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

प्रेशर हॉर्न बन्द कबतक

27. **श्री केदारनाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के दानापुर, खगौल आदि स्थानों पर चलने वाली ऑटो रिक्शा (टेम्पू) में अवैध तरीके से प्रेशर हॉर्न लगाकर परिचालन किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को विशेषकर बच्चों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में मोटर यान नियमावली के मानक मापदंड के अंतर्गत क्या सरकार सार्वजनिक स्थानों पर चलने वाली टेम्पू में अवैध तरीके से लगाये गये प्रेशर हॉर्न को अभियान चलाकर हटाना चाहती है?

यातायात बल की प्रतिनियुक्ति

28. **श्री राजन कुमार सिंह**: क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के सदर बाजार की बड़ी मस्जिद के पास जिला प्रशासन द्वारा 100 फीट रस्सी बांधकर छोड़ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बाजार में काफी भीड़-भाड़ रहने से हमेशा जाम लगा रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आम जनता की परेशानियों को ध्यान में रखकर यातायात सुगम बनाने हेतु यातायात बल की प्रतिनियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

दोषी पर कार्रवाई

29. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत राज्य को दस करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे जिसमें बिहार सरकार मात्र 6.6 करोड़ रुपये ही खर्च कर पायी है;

(ख) क्या यह सही है कि इसके पूर्व केन्द्र ने इस योजना में वित्तीय वर्ष 2014-15 में राज्य को 35 करोड़ रु. आवंटित किये थे किन्तु उसमें से भी मात्र 5.62 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाये हैं और अब राज्य सरकार के पास 31.71 करोड़ रुपये शेष हैं फिर भी विभागीय पदाधिकारी इसे खर्च करने में नाकाम साबित हो रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए केन्द्र ने सिंचाई मद में 16 करोड़ रु. की राशि आवंटित की है फिर भी राज्य के गरीब किसानों के खेतों में सिंचाई सुविधा नगण्य है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतायेगी कि किन कारणों से कृषि सिंचाई योजना की राशि खर्च करने में विफल साबित हो रही है और गरीब किसानों के खेतों में सिंचाई सुविधा नहीं दी जा रही है, इसके लिए कौन दोषी हैं और सरकार उनपर कौन-सी कार्रवाई करने पर विचार कर रही है?

स्कूल परिसर से हटाने पर विचार

30. **श्री रामचन्द्र भारती** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पुलिस फोर्स लगभग डेढ़ वर्षों से पटना स्थित बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कल के भवन में कब्जा जमाए हुए है;

(ख) क्या यह सही है कि स्कूल के शौचालय, कॉमन रूम, क्लास रूम आदि में पुलिसकर्मियों का आधिपत्य है;

(ग) क्या यह सही है कि इस प्रकार पुलिसकर्मियों का कब्जा होने से स्कूल की छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा पढ़ाई भी बाधित हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्रातिशीघ्र पुलिसकर्मियों को स्कूल परिसर से हटाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

ड्राईविंग स्कूल खोलने पर विचार

31. **श्री नीरज कुमार** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि प्रदेश में कुशल ड्राईवर तैयार करने हेतु प्रत्येक जिला में ड्राईविंग स्कूल खोलने का फैसला लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इसके लिए सभी जिला पदाधिकारियों को 10 एकड़ जमीन चिह्नित कर विस्तृत ब्यौरा के साथ सूचित करने का निदेश अगस्त, 2016 में दिया गया था;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ड्राईविंग स्कूल खोलने की दिशा में अभी तक क्या कार्रवाई की है और इसका फलाफल क्या है?

परिवर्तित धारा को मुख्य धारा में लाने का प्रयास

32. **प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिले की बागमती नदी के दक्षिण किनारे पर बने तटबंध की मुख्य धारा परिवर्तित हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि परिवर्तित धारा को मुख्य धारा में लाने के लिए विभाग द्वारा पिछले 10 वर्षों से कोई प्रयास नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि इस क्षेत्र के लाखों किसानों का हित इससे जुड़ा हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार परिवर्तित धारा को मुख्य धारा में लाने के लिए कौन-सा प्रयास कर रही है?

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्

पटना
दिनांक : 24 अगस्त, 2017